संसदीय कार्य मंत्रालय

18वीं लोक सभा के पहले सत्र तथा राज्य सभा के 264वें सत्र के समापन के पश्चात प्रेस विज्ञप्ति

18वीं लोक सभा के लिए आम चुनावों के पश्चात, लोक सभा के पहले सत्र और राज्य सभा के 264वें सत्र को क्रमश: 24 जून और 27 जून से बुलाया गया था। कल 2 जुलाई, 2024 को लोक सभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई, जबकि आज (3 जुलाई, 2024) को राज्य सभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित की गई है।

लोक सभा में पहले दो दिन विशेष रूप से 18वीं लोक सभा के नव-निर्वाचित सदस्यों के शपथ/प्रतिज्ञान के लिए समर्पित थे। सत्र के दौरान कुल 542 में से 539 सदस्यों ने शपथ ली/प्रतिज्ञान किया।

शपथ/प्रतिज्ञान की सुविधा के लिए, माननीय राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 95(1) के तहत श्री भर्तृहरि महताब को कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में और श्री सुरेश कोडिकुन्निल, श्री राधा मोहन सिंह, श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, श्री टी.आर. बालू और श्री सुदीप बंद्योपाध्याय को ऐसे व्यक्ति के रूप में नियुक्त किया था जिनके समक्ष सदस्य संविधान के अनुच्छेद 99 के तहत शपथ ले सकें/प्रतिज्ञान कर सकें।

26 जून, 2024 को लोक सभा के अध्यक्ष का चुनाव हुआ और श्री ओम बिरला, लोक सभा सदस्य को ध्वनि मत से अध्यक्ष चुना गया। उसी दिन माननीय प्रधान मंत्री ने लोक सभा में अपने मंत्रिपरिषद का परिचय कराया।

27 जून, 2024 को माननीय राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 87 के तहत संसद के दोनों सदनों की समवेत बैठक को संबोधित किया और सरकार की पिछली उपलब्धियों का विवरण दिया तथा साथ ही राष्ट्र के भविष्य के विकास हेतु रोडमैप का भी विवरण दिया।

27 जून, 2024 को माननीय प्रधानमंत्री ने अपने मंत्रिपरिषद का राज्य सभा में परिचय कराया।

दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा 28 जून, 2024 को शुरू होनी नियत थी।

लोक सभा में व्यवधान के कारण इस विषय पर चर्चा 1 जुलाई, 2024 को ही शुरू हो सकी। श्री अनुराग ठाकुर, सांसद ने चर्चा की शुरुआत की, जबकि सुश्री बांसुरी स्वराज, सांसद ने लोक सभा में चर्चा का समर्थन किया। कुल 68 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया, जबकि 50 से अधिक सदस्यों ने सदन के पटल पर अपने भाषण रखे। 2 जुलाई, 2024 को 18 घंटे से अधिक की चर्चा के बाद माननीय प्रधानमंत्री द्वारा चर्चा का उत्तर दिया गया।

लोक सभा में लगभग 34 घंटे की 7 बैठकें हुईं और एक दिन के व्यवधान के बावजूद उत्पादकता 105% रही।

राज्य सभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत 28 जून, 2024 को सांसद श्री सुधांशु त्रिवेदी ने की, जिसका समर्थन सांसद सुश्री कविता पाटीदार ने किया। कुल मिलाकर 76 सदस्यों ने 21 घंटे से अधिक की चर्चा में भाग लिया, जिसका उत्तर माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 3 जुलाई, 2024 को दिया गया। राज्य सभा की कुल उत्पादकता 100% से ज्यादा रही।